# 2010

## (13 फरवरी, 2011 को आयोजित)

1. तत्काल ऊर्जा के लिए खिलाड़ी निम्नलिखित में से क्या लेते हैं ?
   (A) सुक्रोज (B) विटामिन C
   (C) साधारण नमक (D) दूध

2. अजमेर में किस सूफी संत की दरगाह है ?
   (A) सलीम चिश्ती
   (B) मुइनुद्दीन चिश्ती
   (C) वावा फरीद
   (D) हजरत निजामुद्दीन

3. निम्नलिखित में किस पदार्थ/सामग्री में से ध्वनि सर्वाधिक धीमी गति से गमन करती है ?
   (A) वायु (B) शीशा
   (C) जल (D) लकड़ी

4. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में वने चक्र में कितनी डंडिया होती हैं ?
   (A) 12 (B) 18
   (C) 24 (D) 26

5. नेत्र दान में आँख के किस भाग का प्रयोग होता है ?
   (A) आइरिस (B) लिविस
   (C) कोर्निया (D) रेटिना

6. निम्नलिखित में कौनसा एक टेनिस खिलाड़ी नहीं है ?
   (A) सेरेना विलियम्स
   (B) स्टैफी ग्राफ
   (C) मार्टिना नवरातिलोवा
   (D) रिकी पॉन्टिंग

7. एक सामान्य मानव शरीर में क्रोमोजोम्स की संख्या कितनी होती है ?
   (A) 46 (B) 43
   (C) 44 (D) 45

8. भारतीय रेलवे की अधिकतम आय कहाँ से होती है ?
   (A) यात्री भाड़ा (B) माल भाड़ा
   (C) यातायात कर (D) यात्री कर

9. संसद के दो क्रमिक सत्रों में समय अन्तराल किससे अधिक नहीं होना चाहिए ?
   (A) 4 महीने
   (B) 6 महीने
   (C) एक वर्ष
   (D) जो भी राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित किया जाए

10. मानव रक्त का pH निम्नलिखित में किसके मध्य होना चाहिए ?
    (A) 5—6·5 (B) 6·5—7·5
    (C) 7·5—8 (D) 8—8·5

11. चट्टानों के रूपांतरण की प्रक्रिया में क्या सम्मिलित हो सकता है ?
    (A) क्वार्ट्जाइट में परिवर्तित होता हुआ सैंडस्टोन
    (B) संगमरमर में परिवर्तित होता हुआ लाइपस्टोन
    (C) स्लेट में परिवर्तित होती हुई शैल
    (D) उपर्युक्त सभी

12. भारतीय संविधान में यह प्रावधान होता है कि राष्ट्रपति लोक सभा के लिए दो सदस्यों को मनोनीत करे. ये सदस्य किसका प्रतिनिधित्व करने वाले होने चाहिए ?
    (A) पारसी समुदाय
    (B) प्रतिष्ठित समुदाय
    (C) विजनेस समुदाय
    (D) एंग्लो-भारतीय समुदाय

13. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में निम्नलिखित में से किस भाषा का नाम नहीं है ?
    (A) संस्कृत (B) सिंधी
    (C) उर्दू (D) राजस्थानी

14. निम्नलिखित युग्मों में से प्रत्येक में एक भाषा तथा उस भाषा का एक प्रमुख कवि को दर्शाया गया है, परन्तु इनमें एक युग्म का मिलान सही नहीं है. वह कौनसा है ?
    (A) हिंदी — कालीदास
    (B) बंगाली — रविंद्रनाथ टैगोर

(C) उर्दू — गालिब

(D) यूनानी — होमर

15. निम्नलिखित में से किसका संबंध ट्रेड यूनियन से है ?

(A) GNDU (B) BHU
(C) INTUC (D) LDC

16. "विश्व नो टोवाको डे" (विश्व तम्बाकू रहित दिवस) किस दिन मनाया जाता है ?

(A) 31 मई (B) 11 जून
(C) 28 सितम्वर (D) 10 अक्टूबर

17. दुनिया की छत किसे कहा जाता है ?

(A) पामीर (B) तिब्बत
(C) हिमालय पर्वत-माला (D) माउंट एवरेस्ट

18. न्यू बैंक ऑफ इन्डिया का विलय किस बैंक के साथ हो गया है ?

(A) भारतीय स्टेट बैंक
(B) सैंट्रल बैंक ऑफ इन्डिया
(C) पंजाब नेशनल बैंक
(D) कैनरा बैंक

19. अन्तर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति के मुख्यालय कहाँ हैं ?

(A) बर्लिन (B) प्राग
(C) मास्को (D) जेनेवा

20. निम्नलिखित में से गलत परिभाषा कौनसी है ?

(A) कंटूर (परिरेखा) — समुद्र तल से ऊपर वे क्षेत्र जिनकी ऊँचाई समान है
(B) आइसोथर्म — एक जैसे तापमान वाले क्षेत्र
(C) आइस हाइट्र्स — एक जैसी वर्षा वाले क्षेत्र
(D) आइसो वाय — वे स्थान जहाँ का वायुमंडल दाब एकसमान हो

21. निम्नलिखित में से कौनसा देश केरिब्बियन देशों के समूह में सम्मिलित नहीं है ?

(A) क्यूबा (B) बरमुडा
(C) जॉर्डन (D) एंग्विला

22. भारत का राष्ट्रीय प्रतीक का निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(A) कमल का फूल
(B) सिंह शीष (लॉएन्ड कैपिटल)
(C) सिंह (शेर)
(D) गाय

23. डेविस कप का संबंध किस खेल से है ?

(A) लान टैनिस (B) क्रिकेट
(C) हॉकी (D) बैडमिंटन

24. निम्नलिखित में से कौनसा एक प्रसिद्ध वायलिन वादक है ?

(A) जिया मोइनुद्दीन खाँ (B) एस. बालचंद्रन
(C) सज्जाद हुसैन (D) एल-सुब्रामणियम

25. त्रिप्पनी किस राज्य का नृत्य/नृत्य नाटिका है ?

(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) गुजरात (D) मनीपुर

26. निम्नलिखित का मिलान कीजिए—

(a) गोविंदा — 1. राष्ट्रकूट
(b) आर्यभट्ट — 2. गुप्त वंश
(c) बाणभट्ट — 3. हर्षवर्धन
(d) समुद्र गुप्त — 4. भारतीय नेपोलियन

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

27. इस समय पाकिस्तान का वजीर-ए-आजम कौन है ?

(A) आसफ अली जरदारी
(B) सैयद युसुफ रजा गिलानी
(C) पर्वेज मुशरफ
(D) मोहम्मद मियां सूमरो

28. सर्वश्रेष्ठ पिक्चर के लिए 2010 का ऑस्कर पुरस्कार किसे दिया गया ?

(A) अवतार (B) डिस्ट्रिक्ट–9
(C) द. हर्ट लॉकर (D) एन एजुकेशन

29. वाष्पीकरण दर निम्नलिखित में से किस पर निर्भर नहीं करती ?

(A) तरल के तापमान पर
(B) तरल के पृष्ठ क्षेत्रफल पर
(C) तरल के कुल द्रव्यमान पर
(D) वायु दाब पर

30. निम्नलिखित का मिलान कीजिए—

(a) सोडियम बाइकार्बोनेट — 1. ब्लीचिंग पाउडर
(b) कैल्शियम कार्बोनेट — 2. बेकिंग सोडा

(c) पोटाश 3. चॉक

(d) कैल्शियम हापोक्लोराइट 4. फिटकरी

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

31. रॉबर्ट कॉख का कार्य किस क्षेत्र में था ?
(A) तपेदिक (B) हैजा
(C) मलेरिया (D) मधुमेह

32. सम्पत्ति का अधिकार एक—
(A) मौलिक अधिकार है (B) निर्देशक सिद्धांत है
(C) कानूनी अधिकार है (D) सामाजिक अधिकार है

33. भारतीय संविधान के 55 वें संशोधन 1986 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसको पूर्ण राज्य का दर्जा मिला ?
(A) छत्तीसगढ़ (B) सिक्किम
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) झारखंड

34. भारत के उप-राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचन मंडल करता जिसमें.........होते हैं.
(A) संसद के निर्वाचित सदस्य
(B) संसद के दोनों सदनों के सदस्य
(C) संसद के निर्वाचित सदस्य तथा राज्य विधान सभाओं के सदस्य
(D) लोक सभा तथा विधान परिषदों के सदस्य

35. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत संसद को यह अधिकार है कि यह संविधान का संशोधन कर सके ?
(A) 370 (B) 368
(C) 390 (D) 376

निर्देश—(प्रश्न 36–40) निम्नलिखित सूचना को ध्यान से पढ़ें—

आठ मित्र—A, B, C, D, E, F, G तथा H एक वृत के गिर्द बैठे हैं तथा सभी का मुख केन्द्र की ओर है. B, A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है और A, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है. F, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है तथा E, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है. D, H के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है तथा H, G के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है.

36. B के एकदम बाईं ओर कौन बैठा है ?
(A) G (B) F
(C) D (D) H

37. A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है ?
(A) G (B) D
(C) H (D) E

38. F की दृष्टि से H की स्थिति क्या है ?
(A) उसके एक दम दाईं ओर
(B) बाईं ओर तीसरा स्थान
(C) बाईं ओर दूसरा स्थान
(D) दाईं ओर तीसरा स्थान

39. निम्नलिखित चार में दिए गए विन्यास में उनकी स्थिति के आधार पर तीन किसी रूप में एक जैसे है और अतः उनका एक समूह बनता है. वह कौनसा है जो इस समूह से भिन्न है ?
(A) AD (B) HG
(C) EF (D) BF

40. निम्नलिखित भागों में से कौनसे भाग में प्रथम व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के एक दम दाईं ओर बैठा हुआ है ?
(A) BH (B) DF
(C) CG (D) EA

निर्देश—(प्रश्न 41–45) निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है, जिसके पश्चात् दो रास्ते सुझाए गए हैं. रास्ते का अर्थ है सुधार या अनुवर्तन इत्यादि. कथन को पढ़िए और निम्नलिखित भाँति उत्तर दें—

(A) यदि इससे रास्ता–I का अनुसरण होता है
(B) यदि इससे रास्ता–II का अनुसरण होता है
(C) यदि इससे I और II दोनों का अनुसरण होता है
(D) यदि न I और न ही II का अनुसरण होता है

41. कथन : बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो विद्यालयी अथवा स्नातक स्तर पर उच्च अंकों से पास होकर भी अपने विषय में पारंगत नहीं होते.

रास्ता I : शिक्षा बोर्डों से अपेक्षा है कि परीक्षा प्रणाली की जाँच करें और इसमें संशोधन करें, ताकि वास्तविक प्रतिभा को काम में लाया जा सके.

रास्ता II : समस्त स्तरों पर परीक्षा प्रणाली इस प्रकार से अभिकल्पित की जाए, ताकि रटना संबंधी अधिगम प्रवृत्ति को निरुत्साहित किया जा सके.

42. कथन : विशेष रूप से बड़े शहरों में अस्थमा के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है.

रास्ता I : सिविल अधिकारिकी सामान्य दर पर दवाइयों की पर्याप्त सप्लाई का आश्वासन दें.

रास्ता II : सिविल अधिकारिकी को चाहिए कि वाहनों से निकलने वाले धूँए से हुए वायु प्रदूषण को नियंत्रित करें.

43. कथन : देश भर में बहुत बड़ी संख्याओं में प्राइवेट विद्यालय खुल रहे हैं और वे सभी स्कूल ठीक प्रकार से फीस चार्ज नहीं कर रहे हैं.

रास्ता I : सरकार को चाहिए कि सख्त मानक तय करे.

रास्ता II : दाखिला दिलाते समय माता-पिताओं को भी जाँच पड़ताल कर लेनी चाहिए.

44. कथन : शहर में 75 प्रतिशत लोग झुग्गी-झोंपड़ियों तथा घटिया घरों में रह रहे हैं जो सरकार की घर निर्माण तथा शहरी विकास नीतियों पर आक्षेप है.

रास्ता I : गृह और शहरी विकास को देखने के लिए अलग-अलग विभाग होने चाहिए.

रास्ता II : शहरी गृह संबंधी नीतियों का पुनःनिरीक्षण किया जाना चाहिए.

45. कथन : प्रत्येक वर्ष मानसून के मौसम के दौरान शहर में बहुत से व्यक्ति विभिन्न समुद्री किनारों पर तैरते समय डूबकर मर जाते हैं.

रास्ता I : मानसून के दौरान अधिकारिकी को चाहिए कि कम-से-कम दो जीवन-रक्षक प्रत्येक बीच (समुद्री किनारे) पर तैनात करें.

रास्ता II : मानसून के दौरान लोगों को तैरने के प्रति आगाह करने के लिए अधिकारिकी की व्यवस्था करनी चाहिए.

निर्देश—(प्रश्न 46–50) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके नीचे दो मान्यताएँ या पूर्व धारणाएँ I और II दी गई हैं. आप कथन और दोनों मान्यताओं पर विचार कीजिए और बताइए कि कौनसी पूर्वधारणा निहित है ? अपने उत्तर निम्नलिखित प्रकार दीजिए—

(A) यदि मात्र पूर्व धारणा I निहित है.

(B) यदि मात्र पूर्व धारणा II निहित है.

(C) यदि या तो I अथवा II पूर्व धारणा निहित है.

(D) यदि न तो I और न ही II पूर्व धारणा निहित है.

46. कथन : अधिकांश ग्रामीण व्यक्ति अशिक्षित होते हैं अतः अंधविश्वासी.

पूर्व धारणा :

I. शिक्षा से तर्कणापरक चिंतन बढ़ता है.

II. ग्रामीण व्यक्ति विद्यालयों में नहीं जाते.

47. कथन : कपड़ों को साफ करने के लिए डेटर्जेन्ट्स का प्रयोग करना चाहिए.

पूर्व धारणा :

I. डेटर्जेंट से अधिक झाग उत्पन्न होता है.

II. डेटर्जेंट चिकनाई तथा गर्द मिट्टी को हटाने में सहायता करते हैं.

48. कथन : हमें वृक्ष के नीचे नहीं सोना चाहिए.

पूर्व धारणा :

I. गिरते हुए पत्तों से हमारे कपड़े खराब हो सकते हैं.

II. वृक्ष रात के समय $CO_2$ निकालते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकर होती है.

49. कथन : यदि लोग बुद्धिमान हैं, तो उन्हें सृजनात्मक भी होना चाहिए.

पूर्व धारणा :

I. सृजनात्मकता तथा बुद्धि परस्पर संबंधित होते हैं.

II. सृजनात्मक व्यक्ति बुद्धिमान होते हैं.

50. कथन : एक पागल व्यक्ति की तरह मैंने उसका अनुसरण करने का निर्णय लिया.

पूर्व धारणा :

I. मैं एक पागल व्यक्ति नहीं हूँ.

II. मैं एक पागल व्यक्ति हूँ.

निर्देश—(प्रश्न 51–55) इन प्रश्नों में से प्रत्येक में चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी रूप में एकसमान हैं और चौथा अलग है. बेमेल शब्द छाँटिए.

51. (A) सूर्य (B) चन्द्रमा
(C) नक्षत्र (D) ब्रह्माण्ड

52. (A) चूहा (B) गिलहरी
(C) नेवला (D) छछून्दर



53. (A) कीवी (B) उकाब
(C) पेंगविन (D) शुतुरमुर्ग

54. (A) नील (B) गुलाबी
(C) नारंगी (D) पीला

55. (A) कछुआ (B) मेमना
(C) ब्याना (D) कुतिया

निर्देश—(प्रश्न 56–60) निम्नलिखित प्रश्नों में दी गई विभिन्न मदों/पदार्थों के बीच का सम्बन्ध निम्न में से कौन सर्वोत्तम ढंग से व्यक्त करता है ?

(A)   (B) 

(C)   (D) 

56. संगीतज्ञ, वादक, वायलिन, वादक

57. रेलगाड़ी, मोटर कार, इन्जिन

58. अभिनेता, गायक, लेखक

59. टेनिस के प्रेमी, क्रिकेट के खिलाड़ी, विद्यार्थी

60. मुम्बई, भारत, एशिया

निर्देश—(प्रश्न 61–65) निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए शब्दों को एक अर्थपूर्ण अनुक्रम में व्यवस्थित करें तथा तत्पश्चात् प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त अनुक्रम को छाँटें—

61. 1. यौवनावस्था 2. प्रौढ़ावस्था
3. वचपन 4. शैशवकाल
5. जीर्यमाण
(A) 5, 2, 3, 4, 1 (B) 4, 3, 2, 1, 5
(C) 4, 3, 1, 2, 5 (D) 2, 4, 3, 1, 5

62. 1. स्वर्ण 2. लोहा
3. रेत 4. प्लैटिनम
5. हीरा
(A) 2, 4, 3, 5, 1 (B) 3, 2, 1, 5, 4
(C) 4, 5, 1, 3, 2 (D) 5, 4, 3, 2, 1

63. 1. समुद्र 2. नाला
3. महासागर 4. नदी
5. ग्लेशियर
(A) 5, 4, 3, 2, 1 (B) 5, 4, 2, 3, 1
(C) 5, 2, 4, 1, 3 (D) 2, 1, 3, 4, 5

64. 1. ट्रिलियन 2. थाउजेंड
3. विलियन 4. हंड्रेड
5. मिलियन
(A) 1, 2, 4, 3, 5 (B) 1, 5, 3, 2, 4
(C) 4, 2, 3, 5, 1 (D) 4, 2, 5, 3, 1

65. 1. वंगला 2. फ्लैट
3. घर 4. महल
5. कोठी (हवेली)
(A) 2, 3, 1, 5, 4 (B) 2, 1, 3, 4, 5
(C) 3, 2, 1, 5, 4 (D) 3, 1, 2, 4, 5

66. यदि हम किसी भिन्न को इससे ही गुणा करें तथा इसके गुणनफल को इस भिन्न के व्युत्क्रम से भाग दें, तो परिणाम $18\frac{26}{27}$ प्राप्त होता है, तो वह मूल भिन्न कौनसी है ?
(A) $\frac{8}{27}$
(B) $2\frac{2}{3}$
(C) $1\frac{1}{3}$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. तीन लड़कियों की औसत आयु 20 वर्ष है तथा इनकी आयुओं का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे बड़ी लड़की की आयु कितनी है ?
(A) 20 वर्ष (B) 28 वर्ष
(C) 35 वर्ष (D) 30 वर्ष

68. रवि ₹ 1 की 2 टॉफी की दर से कुछ टॉफियाँ खरीदता है तथा ₹ 1 की 5 टॉफी के हिसाब से वेचता है, तो बताइए उसे कितने प्रतिशत हानि होती है ?
(A) 120% (B) 90%
(C) 30% (D) 60%

69. यदि एक व्यक्ति अपनी कुर्सी को ₹ 720 में वेचता है, तो उसे 25% हानि होती है. यदि उसे 25% लाभ कमाना हो, तो कुर्सी को कितने में वेचना चाहिए ?
(A) ₹ 1,200 (B) ₹ 1,000
(C) ₹ 960 (D) ₹ 900

70. एक व्यक्ति दो स्टील की कुर्सियों को प्रति कुर्सी ₹ 500 में वेचता है. यदि एक कुर्सी पर उसे 20% का लाभ होता हो और दूसरी पर 12% की हानि. तो बताइए इस सौदे में उसे कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई ?
(A) 1·5% लाभ (B) 2% लाभ
(C) 1·5% हानि (D) 2% हानि

71. 8 आदमी मिलकर एक काम को 40 दिन में समाप्त कर सकते हैं. यदि 2 आदमी और मिला लिए जाएं, तो कार्य कितने दिन में समाप्त हो जाएगा ?
(A) 30 दिन (B) 32 दिन
(C) 36 दिन (D) 25 दिन

72. दो पाइप $a$ तथा $b$ किसी टैंक को क्रमशः 24 घण्टे तथा 30 घण्टे में भर सकते हैं. यदि खाली टैंक में दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक भरने में कुल समय कितना लगेगा ?

(A) 13 घण्टे 20 मिनट (B) 13 घण्टे 15 मिनट
(C) 13 घण्टे 10 मिनट (D) 13 घण्टे 40 मिनट

73. पाँच संख्याओं का औसत 18 है. यदि एक संख्या को निकाल दिया जाए, तो औसत (माध्य) 16 हो जाएगा. बाहर निकलने वाली संख्या कितनी होगी ?

(A) 25 (B) 26
(C) 27 (D) 30

74. यदि कोई राशि 15 वर्ष में साधारण ब्याज की दर से दोगुना हो जाए, तो बताइए ब्याज की दर कितनी होगी ?

(A) $5\frac{1}{2}\%$ प्रति वर्ष (B) 6% प्रति वर्ष
(C) $6\frac{2}{3}\%$ प्रति वर्ष (D) 25% प्रति वर्ष

75. यदि किसी समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा को दो-दो सेमी. बढ़ा दिया जाए, तो इसके क्षेत्रफल में $2\sqrt{3}$ सेमी$^2$ की वृद्धि हो जाती है. बताइए इस त्रिभुज की प्रत्येक भुजा कितनी लम्बी है ?

(A) 1 सेमी (B) $\sqrt{3}$ सेमी
(C) 3 सेमी (D) $(2+\sqrt{3})$ सेमी

76. एक घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल 384 सेमी$^2$ है. बताइए इसका आयतन कितना होगा ?

(A) 512 सेमी$^3$
(B) 516 सेमी$^3$
(C) 510 सेमी$^3$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. एक टैंक का आयतन (क्षमता) 6160 मीटर$^3$ है. यदि इसके आधार का अर्धव्यास 14 मीटर हो, तो बताइए टैंक कितना गहरा है ?

(A) 10 मीटर (B) 15 मीटर
(C) 12 मीटर (D) 20 मीटर

78. निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए—

$$\frac{147 \times 147 + 147 \times 143 + 143 \times 143}{147 \times 147 \times 147 - 143 \times 143 \times 143}$$

(A) $\frac{1}{290}$ (B) 290
(C) $\frac{1}{4}$ (D) 4

79. निम्नलिखित को सरल कीजिए—

$$1-\left[1-\left\{1-\left(1-\overline{1-1}\right)\right\}\right]$$

(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 3

80. यदि $x + 8 = \frac{-15}{x}$, तो $x$ का मूल्य होगा—

(A) – 5 या – 3 (B) – 5 या 3
(C) – 3 या 5 (D) 3 या 5

81. यदि $\sqrt{24} = 4 \cdot 899$, तो $\sqrt{\frac{8}{3}}$ का मूल्य क्या होगा ?

(A) 0·544 (B) 2·666
(C) 1·633 (D) 1·333

82. $y$ का $x\%$ + $x$ का $y\%$ किसके बराबर होगा ?

(A) 3 का $xy\%$ (B) $xy$ का 2%
(C) $x$ का $y\%$ (D) $y$ का $x\%$

83. A : B = 2 : 3 तथा B : C = 4 : 5, तो C : A = ......... ?

(A) 15 : 8 (B) 12 : 10
(C) 8 : 5 (D) 8 : 15

84. दो पाइप $a$ तथा $b$ किसी टैंक को क्रमशः 10 और 15 घंटे में भर सकते हैं. दोनों पाइप मिलकर इसे कितने समय में भर सकते हैं ?

(A) $12\frac{1}{2}$ घण्टे (B) 6 घण्टे
(C) 5 घण्टे (D) 4 घण्टे

85. यदि किसी रफ्तार से एक व्यक्ति 15 किमी. दूरी 4 घण्टे में तय करता है, तो उसी रफ्तार से वह 63 किमी. कितने समय में तय करेगा ?

(A) 12 घण्टे 36 मिनट
(B) 15 घण्टे 32 मिनट
(C) 16 घण्टे 4 मिनट
(D) 16 घण्टे 48 मिनट

86. "प्रकृति के अनुरूप अध्यापन करना" का अर्थ है—

(A) जीवन में कृत्रिम के विरुद्ध प्राकृतिक की ओर वापसी
(B) मानव विकास के प्राकृतिक सिद्धांतों (नियमों) के अनुसार शिक्षित करना
(C) प्राकृतिक नियमों का अध्ययन करना तथा शैक्षिक प्रक्रिया के लिए उनका उपयोग करना
(D) उपर्युक्त सभी

careeradda.com

87. वाक्यांश "विद्यार्थी की आवश्यकताओं" की व्याख्या करने में—

(A) सभी दार्शनिक समूह इस बात पर सहमत हैं कि शिक्षा को मूल रूप में विद्यार्थी की स्वःअनुभूत आवश्यकताओं पर आधारित होना चाहिए

(B) प्रयोगवादी कहते हैं कि आवश्यकताओं के अन्तर्गत सम्भावित परिणामों के समझदारीपूर्ण विचार सम्मिलित होने चाहिए

(C) यथार्थवादी के अनुसार विद्यार्थी की आवश्यकताएँ उसकी उस क्षण की इच्छाएँ या संवेग होते हैं

(D) प्रयोजनवादी के अनुसार आवश्यकता वह होती है जो प्रौढ़ व्यक्ति अनुभव करते हैं कि विद्यार्थी के लिए अच्छी है

88. राजकीय विद्यालयों में अधिकांश ड्राप-आउट इसलिए होते हैं, क्योंकि ये विद्यालय—

(A) विद्यार्थियों की रुचि को कायम नहीं रख पाते हैं

(B) पर्याप्त मात्रा में पाठ्य सहगामी क्रिया-कलाप नहीं करवा पाते हैं

(C) पाठ्यचर्या में पर्याप्त विविधता नहीं रखते हैं

(D) बच्चों को आर्थिक सहायता नहीं दे पाते हैं

89. अध्यापक निर्मित तथा मानकीकृत परीक्षणों का मुख्य अन्तर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में है ?

(A) वस्तुगतता (B) मानक

(C) विपण्यता (D) समग्र गुणवत्ता

90. मनोविज्ञान का शिक्षा में मुख्य योगदान किस रूप में होता है ?

(A) उन उद्देश्यों को परिभाषित करना जिनकी प्राप्ति हेतु अध्यापक को प्रयास करना चाहिए

(B) शिक्षण-कला को एक वैज्ञानिक आधार प्रदान करना

(C) विभिन्न शिक्षण विधियों की सापेक्ष प्रभाविता की तुलना करना

(D) सम्भाव्य रूप में सफल शैक्षिक प्रविधियों की पहचान करना

91. उद्देश्यों का किस रूप में सार्थक होना आवश्यक है, ताकि अधिगम प्रभावी हो सके ?

(A) अध्येताओं की आवश्यकताएँ तथा प्रयोजन

(B) पाठ्यचर्यात्मक उद्देश्य

(C) विद्यालय के मानदंड

(D) अन्तर्निहित बौद्धिक विचार

92. किसी बालक को सीखने के लिए अभिप्रेरित करने का सर्वोत्तम तरीका है—

(A) उसके आत्मगौरव तथा आत्म-सम्मान को आकर्षित करना

(B) सकारात्मक प्रेरकों (उद्दीपकों) का खुलकर प्रयोग करना

(C) उन उद्देश्यों को पुनः प्रणालित करना जो व्यक्ति के पास पहले से हैं

(D) उसे असफलता तथा दंड का डर दिखाना

93. अन्तिम रूप में कक्षा-कक्ष में अभिप्रेरणा की कुंजी क्या है ?

(A) विषय-वस्तु में निहित रुचि

(B) अध्यापक का व्यक्तित्व

(C) पाठ्यचर्यात्मक अनुभवों की उपयुक्तता

(D) कक्षा-कक्ष का भावात्मक वातावरण

94. सामान्य परिपक्वता से पूर्व दिया गया प्रशिक्षण आमतौर पर—

(A) सामान्य कौशलों के निष्पादन के संदर्भ में अत्यन्त लाभकारी होता है

(B) समग्र रूप में हानिकर होता है

(C) अन्तिम दृष्टि से लाभकारी होता है

(D) लाभकारी हो या हानिकर, यह इस बात पर निर्भर करता है कि प्रशिक्षण में किस विधि का प्रयोग किया गया है

95. सामाजिक विकास अनिवार्यतः किसका मामला है ?

(A) सामाजिक व्यवस्था की अपेक्षाओं से अनुरूपता

(B) सामाजिक सुरक्षा तथा स्वीकरण की उपलब्धि

(C) अपने प्रयोजनों तथा सामाजिक व्यवस्था के उद्देश्यों (प्रयोजनों) का समाकलन (संघटन)

(D) सामाजिक कौशलों का विकास

96. कक्षा-कक्ष अनुशासन किसके उन्नयन के लिए अभिमुख होना चाहिए ?

(A) सामाजिक अनुरूपता

(B) स्वःनिदेशन

(C) वैयक्तिक तथा सामाजिक समंजन

(D) स्वीकार्य कक्षा-कक्ष व्यवहार

97. दो लड़कों में से प्रत्येक की बुद्धि लवधांक 120 है. इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि—

(A) हाईस्कूल तथा कालेज में दोनों सफल रहेंगे

(B) इन लड़कों की मानसिक आयु समान है

(C) दोनों की अभिक्षमता एक ही प्रकार की और एक जैसी होगी

(D) उपर्युक्त में कोई भी कथन अनिवार्यतः सत्य नहीं है

98. वैज्ञानिक चिंतन का निर्णायक पक्ष क्या होता है ?

(A) समस्या (B) परिणाम

(C) विधि (D) परिकल्पना

99. अध्यापक द्वारा श्रव्य-दृश्य साधनों को किस रूप में समझना चाहिए ?

(A) परम्परागत अध्यापन का अनुकल्प

(B) अध्यापन के लिए प्रयुक्त अन्य युक्तियों का संपूरक

(C) ऐसी युक्ति जो अध्यापक की तैयारी का समय बचाती है

(D) कक्षा के नित्यक्रम (लीक) से अलग एक सुखदाई परिवर्तन

100. "एक प्रबुद्ध तथा मानवीय समाज की ओर" नामक प्रतिवेदन को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

(A) कोठारी आयोग प्रतिवेदन

(B) आचार्य राममूर्ति प्रतिवेदन

(C) यशपाल समिति प्रतिवेदन

(D) जनार्दन समिति प्रतिवेदन

101. एक अध्यापक यह महसूस करता है कि उसके विद्यार्थी उसके अध्यापन से संतुष्ट नहीं हैं, तो उसे क्या करना चाहिए ?

(A) विद्यार्थियों को सलाह दे कि वे प्राइवेट ट्यूशन लगा लें

(B) उसे स्वयं एक रिफ्रेशर कोर्स करना चाहिए, ताकि उसका अध्यापन सुधर जाए

(C) कोई और नौकरी ढूँढ़ लें

(D) मुख्याध्यापक से प्रार्थना करे कि वह उसकी (अध्यापक) कक्षा बदल दें

102. यदि विद्यार्थियों का एक समूह आपकी कक्षा से प्रायः अनुपस्थित रहता है, तो आप इस स्थिति से कैसे निपटेंगे ?

(A) इस मामले की रिपोर्ट प्राचार्य से करेंगे

(B) विद्यार्थियों के माता-पिता को सूचित करेंगे

(C) क्रियात्मक शोध करेंगे

(D) उन विद्यार्थियों को उनके हाल पर छोड़ देंगे

103. विद्यार्थियों के सैक्शन $a, b$ तथा $c$ विद्यार्थियों की घटती हुई योग्यता के आधार पर बनाए गए हैं (तीव्र, सामान्य तथा कमजोर) इनमें से आप किस सैक्शन को पढ़ाना चाहेंगे ?

(A) $a$ (B) $b$

(C) $c$ (D) किसी भी सैक्शन को

104. निम्नलिखित में से कौनसा कार्य NCERT का कार्य नहीं है ?

(A) विद्यालयों के लिए पाठ्य-पुस्तक लिखना

(B) विद्यालय सर्टिफिकेट परीक्षाओं का संचालन करना

(C) विद्यालय-शिक्षा में होने वाले शोध कार्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करना

(D) शिक्षा नीतियों पर सरकार को सलाह देना

105. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अल्पसंख्यक वर्गों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा का प्रावधान है ?

(A) 28 (B) 29

(C) 30 (D) 31

106. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस किस दिन मनाया जाता है ?

(A) 2 अक्टूबर (B) 11 नवम्बर

(C) 30 जनवरी (D) 31 मार्च

107. किसी कक्षा में सीटिंग प्लान के लिए सर्वोत्तम मानदंड क्या हो सकता है ?

(A) विद्यार्थियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि

(B) विद्यार्थियों के साथ वैयक्तिक संबंध

(C) बच्चों की लम्बाई तथा दृष्टि की तीव्रता

(D) बुद्धि तथा अभिप्रेरणा स्तर

108. विद्यार्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं को जाँचते समय अध्यापक को—

(A) कठोर होना चाहिए

(B) नरम होना चाहिए

(C) वस्तुगत या यथातथ्य होना चाहिए

(D) बीच का, न अधिक कठोर, न अधिक नरम

109. यदि किसी परीक्षा में आपकी कक्षा के अधिकांश विद्यार्थी असफल हो जाएँ, तो आप इसका दायित्व किस पर डालेंगे ?

(A) विद्यालय में उपलब्ध कमजोर सुविधाएँ

(B) अधिकारिकी की कमजोर योजना

(C) आपकी अपनी शिक्षण-विधि

(D) बच्चों की पढ़ाई में लापरवाही

110. अधिगम का मुख्य प्रयोजन क्या होता है ?

(A) सामाजिक समायोजन

(B) व्यवहार रूपांतरण (संशोधन)

(C) ज्ञानार्जन

(D) कौशलों का विकास

निर्देश—(प्रश्न 111–114) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही उत्तर को अंकित कीजिए—

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है. समाज में रहने वाला हर इंसान अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, किन्तु जब एक से दो और दो से चार हो जाते हैं, तो मनुष्य कमजोर नहीं रहता, वह संगठन बन जाता है. कहा तो यह जाता है कि एक और एक दो नहीं ग्यारह हो जाते हैं. निष्कर्ष यह कि एकता या संगठन में बहुत शक्ति है. हम अलग-अलग या बँट कर रहते हैं, तो हमें कोई भी पराजित कर सकता है. यदि मिलकर एक साथ रहते हैं, तो कोई यह हिम्मत नहीं करता. पाँचों अंगुलियाँ जब मिलकर बंद होती हैं, तो मुट्ठी बन जाती है. इसलिए समाज में मनुष्य का भी महत्व है और समुदाय का भी. वैसे ही जैसे बूँद का भी महत्व है और समुद्र का भी.

111. मनुष्य जब अकेला न रहकर मिल-जुलकर रहता है, तो क्या बन जाता है ?

(A) दल (B) कमजोर

(C) संगठन (D) डरपोक

112. मनुष्य को कैसा प्राणी बताया गया है ?

(A) असभ्य (B) सामाजिक

(C) सुविधाभोगी (D) अशक्त

113. 'एक और एक ग्यारह' होते हैं', लोकोक्ति का अर्थ है—

(A) एक और एक दो नहीं होते

(B) एक और एक का जोड़ ग्यारह होता है

(C) एकता में बल नहीं होता

(D) एकता में बल होता है

114. पाँचों अंगुलियाँ मिलकर बंद होती हैं, तो क्या बन जाती है ?

(A) मुट्ठी (B) पंजा

(C) हाथ (D) थप्पड़

निर्देश—(प्रश्न 115–118) रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरिए—

115. चोट के कारण उसकी ......... से जान निकल रही है.

(A) खुशी (B) दुःख

(C) दर्द (D) अवसाद

116. विवाह की पहली वर्षगाँठ पर उसे सुन्दर ......... मिला.

(A) समाहार (B) उपहार

(C) निराकार (D) सदाचार

117. चिंता मत करो, बच्चे ......... लौट आएंगे.

(A) रक्षित (B) असुरक्षित

(C) सुरक्षित (D) प्रतिरक्षित

118. एक वर्ष में बारह ......... होते हैं.

(A) सप्ताह (B) दिवस

(C) माह (D) पहर

119. 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है—

(A) लज्जित होना (B) कीचड़ होना

(C) हार मान लेना (D) भयभीत होना

120. 'आगे ......... पीछे खाई' मुहावरे के रिक्त स्थान पर सही शब्द होगा.

(A) उपवन (B) झरना

(C) पहाड़ (D) कुआँ

121. कुछ लोग 'अपनी ......... अलग पकाने' में ही विश्वास रखते हैं.

(A) दाल (B) रोटी

(C) सब्जी (D) खिचड़ी

122. 'चोर की दाढ़ी में तिनका' लोकोक्ति का सही अर्थ है—

(A) दाढ़ी गंदी होना

(B) हर चोर की दाढ़ी होना

(C) चोरी की पहचान होना

(D) चोर का स्वयं डरना

123. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है—

(A) अभिशेक (B) अभीशेक

(C) अभिसेक (D) अभिषेक

124. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है—

(A) ग्रहणी (B) गृहीणी

(C) गृहिणी (D) ग्रहिणी

125. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है—

(A) भक्तों की सेना जा रही थी

(B) भक्तों की मंडली जा रही थी

(C) भक्तों की टुकड़ी जा रही थी

(D) भक्तों की भीड़ जा रही थी

126. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है—

(A) बकरी को काटकर चारा खिलाओ

(B) बच्चे को काटकर फल खिलाओ

(C) मुझे अनेकों वार सफलता मिली

(D) कृतज्ञा ने पढ़ाई पूरी कर ली

127. निम्नलिखित में से सही पर्याय शब्द नहीं है—

(A) सामान्य (B) मामूली

(C) आम (D) समान

128. 'इंद्र' शब्द का समानार्थी शब्द है—

(A) पंचवाण (B) शक्र

(C) मनोज (D) पिनाकी

129. 'अनुकूल' शब्द का विलोम-शब्द है—

(A) प्रतिकूल (B) सानुकूल

(C) अनुकूलन (D) अपकूल

130. 'उत्थान' का विलोम-शब्द है—

(A) उन्नयन (B) पतन

(C) उत्कर्ष (D) अवनत

**Directions**—(Q. 131–134) Read the passage given below and choose the *correct* option to answer each of the questions that follows—

There was once a fisherman who was also an excellent flute player. One day he took his flute and a fish-basket, jumped up on a rock and began to play his flute. He was convinced that the fish would be enchanted by his music and leap into his basket willingly. Unfortunately, he did not catch a single fish. So he went home, brought his net and threw it into the water. He caught so many fish that his basket overflowed. 'Stupid creatures !' he exclaimed, as he watched the fish twist and jump into his net.' You did not dance when I played my flute, but when I am not playing, you can't stop dancing !'

131. With what could the fisherman succeed in catching fish ?

(A) A flute

(B) A fish basket

(C) A fishing net

(D) None of the above

132. Why did he play his flute ?

(A) The fish would be charmed by the music

(B) The fish would dance on a rock

(C) The fish loved the fish basket

(D) None of the above

133. Why couldn't he catch a single fish ?

(A) The fish didn't like his music

(B) It is foolish to catch fish with a flute

(C) His flute did not play well

(D) None of the above

134. Why did he call the fish 'stupid creatures' ?

(A) The fish are really stupid

(B) The fish did not like his music

(C) The fish were playing in the net

(D) None of the above

**Directions**—(Q. 135–138) Fill in the blanks in the following sentences with the help of options that follow—

135. Why did you tell ……… lie ?

(A) a (B) an

(C) the (D) no article

136. The medal was won ……… Ram.

(A) for (B) with

(C) by (D) on

137. He took pride ……… his victory.

(A) for (B) of

(C) with (D) in

138. She was gazing ……… me.

(A) on (B) for

(C) at (D) into

**Directions**—(Q. 139) Identify the *part of speech* of the **bold** word.

139. I am going to the **airport**—

(A) Noun (B) Verb

(C) Preposition (D) Pronoun

**Directions**—(Q. 140) Identify the tense of the following sentence—

140. She looks after her aged mother.

(A) Present Indefinite

(B) Present Perfect
(C) Past Indefinite
(D) Present Continuous

**Directions**—(Q. 141–142)—Identify the word whose spelling is *correct*.

141. (A) PROPARTY (B) PROPERTY
(C) PRAPERTY (D) PRAPARTY

142. (A) MINATE (B) MINITE
(C) MINUT (D) MINUTE

**Directions**—(Q. 143–144) Choose the correct one-word substitute for each of the following—

143. A person who operates the controls of an aircraft—
(A) Engineer (B) Captain
(C) Pilot (D) Driver

144. Qualified/Fit to be chosen—
(A) Passable (B) Eligible
(C) Mediocre (D) Ordinary

**Directions**—(Q. 145–146) Choose the word which is *similar* in meaning to the one in capitals—

145. BRUTAL
(A) Cruel (B) Cunning
(C) Lonely (D) Unfair

146. ELEGANT
(A) Ardent (B) Odd
(C) Bold (D) Refined

**Directions**—(Q. 147–148) Choose the word which is *opposite* in meaning to the one in capitals—

147. LIBERTY
(A) Unhealthy (B) Slavery
(C) Freedom (D) Vice

148. SUPERIOR
(A) Junior (B) Senior
(C) Lower (D) Inferior

**Directions**—(Q. 149–150) Identify the part of the sentence which has an error in it. In case there is no error the answer will be (D).

149. Ram has a / large number / of money
(A) (B) (C)
No error
(D)

150. I shall not / come to you / if it will rain
(A) (B) (C)
No error
(D)

adda.com